कार्यालय जिला पंचायत उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.)

zp-kanker.cg@nic.in Office Tel. No. 07868-241282, Fax No. 07868-241482

क्रमांक/17763/जि.पं./व्या.पं./भर्ती/2017-18 कांकेर,दिनांक 09/03/2018

// प्रेस विज्ञप्ति //

छ.ग.शासन पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, मंत्रालय महानदी भवन रायपुर के पत्र क्रमांक /पंचा/शि.क.नि./पंग्राविवि / 22 / 2017 /107 नया रायपुर दिनांक 22.07.2017 द्वारा विज्ञापित व्याख्याता पंचायत पद हेतु व्यापम द्वारा ली गई परीक्षा में पूर्व में 1:3 में सत्यापन कर रिक्त पदों पर भर्ती की कार्यवाही की गयी थी।

भर्ती उपरांत जीवविज्ञान विषय अंतर्गत स्वेच्छा से त्यागपत्र देने या कार्यभार ग्रहण नहीं करने के कारण रिक्त हुए पदों पर मेरीट सूची के अनुसार प्रतीक्षा सूची से पुनः रिक्त पद के विरूद्ध नियुक्ति हेतु आयोजित काउंसलिंग कार्यालयीन प्रेस विज्ञप्ति क्रमांक 17664 दिनांक 07.03.2018 द्वारा निरस्त की गई थी। उक्त काउंसलिंग बी.एड. अभ्यर्थियों को प्राथमिकता देते हुए तैयार संलग्न प्रतिक्षा सूची से जिला पंचायत कार्यालय कांकेर के सभा कक्ष में **दिनांक 16 मार्च, 2018 को प्रातः 11 बजे से काउंसलिंग आयोजित की गयी है। अभ्यर्थियों को पृथक से कार्यालयीन पत्र क्रं 17666 दिनांक 08.03.2018 सूचना भेजी गई है।**

इसी प्रकार अंग्रेजी विषय अंतर्गत स्वेच्छा से त्यागपत्र देने या कार्यभार ग्रहण नहीं करने के कारण रिक्त हुए पदों पर मेरीट सूची के अनुसार प्रतीक्षा सूची से पुनः रिक्त पद के विरूद्ध नियुक्ति हेतु आयोजित काउंसलिंग कार्यालयीन पत्र क्रमांक 15546 दिनांक 05.03.2018 द्वारा निरस्त की गई है।

निरस्त काउंसलिंग पुनः **दिनांक 16 मार्च, 2018 को प्रातः 11 बजे से काउंसलिंग आयोजित की गयी है। अभ्यर्थियों को पृथक से कार्यालयीन पत्र क्रं 17759 दिनांक 09.03.18 सूचना भेजी जा रही है।**

उक्त काउंसलिंग में अंग्रेजी के रिक्त हुए 04 पदों में से 03 पद के लिए संलग्न सूची 01 अनुसार **वरियता क्रम में प्राप्त अभ्यर्थी की काउंसलिंग कर पदस्थापना की जावेगी।**

रिक्त हुए 04 पदों में से अजजा के 01 पद हेतु आवश्कता अनुसार 1:3 में वरियता क्रम में संलग्न सूची 02 अनुसार पात्र अभ्यर्थियों को अभिलेख सत्यापन हेतु जिला पंचायत कार्यालय कांकेर के सभा कक्ष में **दिनांक 16 मार्च, 2018 को प्रातः 11 बजे** जिला पंचायत कार्यालय कांकेर के सभा कक्ष मे आहूत किया गया है। जिसकी सूचना उन्हें पृथक से कार्यालयीन पत्र क्रं 17658,17659,1766[illegible] दिनांक 07.03.2018 द्वारा दी गई है। दिनांक 16.03.2018 को अभिलेख सत्यापन पश्चात वरियता प्राप्त पात्र अभ्यर्थी की काऊंसलिंग उसी दिन की जावेगी। एवं पात्रता अनुसार पदस्थापना की जावेगी।

प्रस्तावित चयन सूची जिला पंचायत उत्तर बस्तर कांकेर के वेबसाईट **www.zp kanker.gov.in** में अपलोड एवं जिला पंचायत के सूचना पटल पर चस्पा की गयी है, जहां सूची का अवलोकन किया जा सकता है ।

काउंसलिंग में उपस्थित नहीं होने की दशा में काउंसलिंग का अवसर समाप्त करते हुए शेष बचे रिक्त पदों पर कार्यालय स्तर से पद स्थापना की जावेगी जो मान्य होगी।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी
जिला पंचायत
उत्तर बस्तर कांकेर

Scanned by CamScanner

17764
ृ0 क्रमांक/ /जि.पं./व्या.पं./भर्ती/2017-18/ कांकेर/ दिनांक 09/03/2018

प्रतिलिपिः-01. संचालक, पंचायत संचालनालय,इन्द्रावती भवन द्वितीयतल मंत्रालय नया रायपुर को सादर सूचनार्थ ।

02. कलेक्टर, जिला उत्तर बस्तर कांकेर की ओर सादर सूचनार्थ ।

03. जिला जनसम्पर्क अधिकारी , जिला उत्तर बस्तर को सूचनार्थ । उक्त प्रेस विज्ञप्ति दैनिक समाचार पत्रों में निःशुल्क प्रकाशित कराने का कष्ट करेंगें ।

04. जिला सूचना एवं विज्ञान अधिकारी, कार्यालय कलेक्टर, NIC को सूचनार्थ । उपरोक्तानुसार सूची जिला पंचायत के वेबसाईट में तत्काल अपलोड कराने का कष्ट करें ।

05. D.P.M. जिला पंचायत कांकेर को सूचनार्थ एवं अग्रिम कार्यवाही हेतु । उपरोक्तानुसार सूची जिला पंचायत के वेबसाईट में तत्काल अपलोड कराने का कष्ट करें ।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी
जिला पंचायत
उत्तर बस्तर कांकेर

Scanned by CamScanner